an>

Title : Need to remove the chairman of NBCC for the alleged involvement in the corruption.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान भारत सरकार का उपक्रम (पीएसयू) एनपीसीसी लिमिटेड नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड जो वॉटर रिसोंज मंत्रालय के अंतर्गत है की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। भारत सरकार का यह उपक्रम वर्ष 2011 में प्रोफिट में चल रहा था, लेकिन बोर्ड अध्यक्ष की कार्यशैली के कारण प्रतिवर्ष यह निरंतर कम होते गए। वर्ष 2016 में यह उपक्रम हानि में चला गया जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह पूर्तिबोर्ड के अध्यक्ष की होती है। एनपीसीसी के द्वारा एमआईडीसी नागपुर, महाराष्ट्र से जमीन खरीदी गई जिसका मार्केट कीमत 700 करोड़ रुपये है लेकिन अधिक समय बीत जाने पर भी एमआईडीसी की वापसी सरकारी दर पर कर दिया गया। ऐसा लगता है कि इस संबंध में मंत्रालय और बोर्ड के सदस्यों को भी विश्वास में नहीं लिया गया था। यह एमआईडीसी और एनबीसीसी के अध्यक्ष की मिलीभगत से हुआ है। इस जमीन की मार्केट कीमत लगभग 800 करोड़ रुपये है। ऐसे अधिकारी को ऐसे महत्वपूर्ण पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। अतः मेरी मांग है कि एनबीसीसी के अध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और उनको बर्खास्त किया जाए।